हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

12 जिलेभर में विजयादशमी को लेकर श्रीराम के...



12 142 दिन में पककर तैयार होगी सरसों की किस्म प्रति...



खबर संक्षेप

तालाबंदी के खिलाफ प्रदर्शन आज

हिसार। मंडी आदमपुर की कृष्णा कॉलोनी निवासी मजदूर सुनील कुमार के घर पर एक फाइनेंस कंपनी की ओर से की गई तालाबंदी के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा, 20 अक्टूबर को सुबह आदमपुर तहसील के सामने प्रदर्शन करेगा। संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य सरदानंद राजली ने किसान-मजदूरों से एकजुट होकर प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन से तालाबंदी खुलवाकर सुनील कुमार और उसके आठ सदस्यीय परिवार को उनके घर में प्रवेश दिलाने की मांग की जाएगी।

डांडिया एवं गरबा महोत्सव दिखी अनूठी छटा

हिसार। भारत विकास परिषद एवं श्री श्याम शाखा द्वारा हकृवि में स्थित 'म्हारी माटी टूरिज्म सेंटर' में डांडिया एवं गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, पारंपरिक लोकनृत्य और पारिवारिक एकजुटता का अनुपम संगम रहा। शाखा के अध्यक्ष संजय मित्तल व सचिव संदीप मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी दीपक गर्ग एवं अभय मित्तल उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त संस्कार गतिविधि संयोजक हुकम चंद गोयल, ऋषि राज बुड़ाकिया, एनके गोयल, डॉ. यशपाल सिंगला आदि मौजूद रहे।

गोशाला में सालासर यात्रियों के लिए भंडारा प्रारंभ

हिसार। श्री सालासर धाम पैदल यात्रियों के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निकटवर्ती गांव चौधरी वास में स्थित श्री कृष्ण सुदामा गोसेवा धाम गौशाला में भंडारे का आयोजन प्रारंभ किया। गोशाला के प्रधान संजय डालमिया ने बताया कि शरद ऋतु में संकट मोचन बालाजी हनुमान के भक्त अपने घरों से पैदल यात्रा करते हुए सालासर धाम रवाना होते हैं। उनकी सुविधा के लिए गोशाला में शुद्ध घी से निर्मित भंडारा लगाया जाता है। इसके अलावा उनके रहने विश्राम करने के लिए उचित व्यवस्था गौशाला में ही की जाती है। यह भंडारा सारा दिन सारी रात चलता रहता है।

शोध के क्षेत्र में करियर बनाएं छात्राएं: संध्या

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को करियर निर्माण, आत्मनिर्भरता और शोध के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देने के लिए विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली की शोधार्थी संध्या ने छात्राओं को महिला सशक्तीकरण और करियर के रूप में शोध की संभावनाओं से अवगत करवाया। संध्या ने कहा कि छात्राओं को अपने रुचि के क्षेत्रों और क्षमताओं को पहचानकर भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। कार्यक्रम में प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. वसुंधरा, हिंदी विभागाध्यक्ष सुमन लता, डॉ. सत्येंद्र यादव, डॉ. हेमंत अहलावत, मंजुलता, पूनम आदि उपस्थित रहे।

हॉकी में हरियाणा ने पंजाब को 4-2 से रौंदा

हिसार। हॉकी हरियाणा 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष नेशनल चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर गया है। उत्तर प्रदेश के झांसी में जारी इस चैम्पियनशिप में खेले गए रोमांचिक मैच में हॉकी हरियाणा ने शूट आउट में हॉकी पंजाब को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हॉकी हरियाणा के कोच द्रोणाचार्य अवार्डी संदीप सांगवान के अनुसार मैच के निर्धारित समय में दोनों ही टीमें 3-3 की बराबरी पर रही। इसके बाद पेनल्टी शूट आउट का नियम लागू किया गया जिसमें हरियाणा ने 4 और पंजाब ने 2 गोल किए। शूटआउट में हरियाणा के गोलकीपर अंकित मलिक ने दो गोल का शानदार बचाव करके टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

ई-कार्ट में सवार होकर मेला स्थल पहुंचे नायब सिंह सैनी

राखीगढ़ी महोत्सव में हड़प्पाकालीन धरोहर का सीएम ने किया अवलोकन

उद्यमियों की प्रदर्शनी का किया निरीक्षण खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव के दौरान हड़प्पाकालीन वस्तुओं पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी में सरस्वती-सिंधु सभ्यता से संबंधित पुरातात्विक साक्ष्यों, प्राचीन नगर नियोजन, जल प्रबंधन, कृषि व्यवस्था, लेखन कला, धार्मिक परंपराओं और तत्कालीन जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न वस्तुओं का अवलोकन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री संग्रहालय से ई-कार्ट में सवार होकर महोत्सव स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने कृत्रिम उत्खनन गतिविधि में भाग लिया और विभिन्न विभागों तथा उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कर खिलाड़ियों से भी संवाद किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत राखीगढ़ी की ओर से मुख्यमंत्री का पारंपरिक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें हस्तनिर्मित बैलगाड़ी स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की गई। प्रदर्शनी में शिवलिंग, स्वास्तिक, पीपल से संबंधित साक्ष्य, योग परंपरा, पहिए और बैलगाड़ी से जुड़े प्रमाण भी प्रदर्शित किए गए। इसके अतिरिक्त तांबे का दर्पण, मिट्टी के बर्तन, लेखन सामग्री, पूजा स्थलों के अवशेष, हर्बल सफाई उत्पादों से संबंधित जानकारी तथा डीएनए अवशेषों के वैज्ञानिक विश्लेषण से जुड़े विषयों को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया। इन वस्तुओं और साक्ष्यों के माध्यम से प्राचीन सभ्यता की तकनीकी दक्षता, शिल्पकला, धार्मिक मान्यताओं, व्यापारिक गतिविधियों और दैनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया।ग्राम पंचायत राखीगढ़ी की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और हस्तनिर्मित बैलगाड़ी स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की। यह स्मृति चिह्न हरियाणा की ग्रामीण संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली और कृषि विरासत का प्रतीक है।



नारनौंद। दंगल का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, साथ में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि



नारनौंद। सभ्यता की चीजों का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य पार्टी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उन्नत जीवनशैली के साक्ष्यों को करीब से देखा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित सरस्वती-सिंधु सभ्यता से जुड़े विभिन्न पुरातात्विक साक्ष्यों का बारीकी से अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्राचीन नगर योजना, गलियों की व्यवस्था, जल प्रबंधन प्रणाली, कृषि व्यवस्था, स्नानागार और जल संरचनाओं से जुड़े प्रमाणों को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही वन नियोजन, प्राचीन गोदी अथवा नौका संबंधी संरचनाओं के साक्ष्य, लेखन कला, लिपि, वजन मापने के उपकरण, मापन के पैमाने और सिलबट्टे जैसी वस्तुओं के माध्यम से आर्थिक जीवन की जानकारी प्रस्तुत की गई।

उद्यमियों के स्टालों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने महोत्सव स्थल पर विभिन्न सरकारी विभागों और उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टालों पर उपस्थित अधिकारियों, उत्पाद निर्माताओं और संचालकों से संवाद किया तथा उनके उत्पादों, गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्टाल संचालकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राखीगढ़ी महोत्सव स्थानीय उत्पादों को लोकप्रिय बनाने, उनकी विशेषताओं को लोगों तक पहुंचाने और बिक्री बढ़ाने के लिए एक शानदार एवं उपयुक्त मंच है।

हादसे में निजी अस्पताल के कंपाउंडर की मौत

- बीती रात करीब 11 बजे बाइक से खाना खाने होटल जा रहे थे युवक
- डंपर से हुई टक्कर, चालक वाहन छोड़कर मौके से फरारसंगठनों में दिखा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिसार चुंगी पर रविवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में निजी अस्पताल में कार्यरत 26 वर्षीय कंपाउंडर की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा हिसार चुंगी चौक पर उस समय हुआ, जब दोनों युवक ड्यूटी के दौरान बाइक पर खाना खाने के लिए होटल जा रहे थे। घायल युवक को उपचार के लिए हिसार रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया,

मृतक की पहचान चारकुतुब गेट निवासी कुश के रूप में हुई है। जहां पुलिस ने मृतक के पिता सेवा सिंह के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंपा जाएगा। बताया गया है कि कुश की करीब चार साल पहले दिल्ली में शादी हुई थी और उसका दो साल का एक बच्चा है। उसके पिता एक निजी स्कूल में चौकीदार के तौर पर काम करते हैं। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

भीषण हादसे में मौके पर ही तोड़ा दम

टक्कर इतनी भीषण थी कि कुश के सिर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार मामनपुरा निवासी सत्य-प्रकाश भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने बाइक और डंपर को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तीन करोड़ के पटाखे बरामद, एक काबू

अवैध पटाखा कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई से मचा तस्कारों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस ने अवैध पटाखों के निर्माण और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मल्लापुर-असरावां रोड स्थित एक फैक्ट्री में छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 633 पेटियों में रखे करीब पांच हजार किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद पटाखों की अनुमानित कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। मामले में हिसार निवासी कपिल को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सूचना मिली थी कि फैक्ट्री परिसर में अवैध रूप से पटाखे बनाए और जमा किए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की, जहां भारी मात्रा में पटाखे मिले। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि जिस परिसर में पटाखों का निर्माण किया जा रहा था, वहां मूल रूप से प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्ट्री थी। आरोप है कि फैक्ट्री मालिक ने परिसर को पटाखे बनाने के लिए 80 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर दिया हुआ था। पुलिस अब इस मामले में परिसर को किराये पर देने सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।अवैध रूप से पटाखों का निर्माण और भंडारण करने के संबंध में आदमपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब जांच में यह पता लगाएगी कि पटाखे कहां तैयार किए जा रहे थे और उनकी आपूर्ति किन स्थानों पर की जानी थी। मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध अनुमति पटाखों का निर्माण, भंडारण या बिक्री करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, त्योहारों के दौरान पटाखों की मांग बढ़ने के बीच अवैध कारोबार पर निगरानी रखी जा रही है।



हिसार। अवैध भंडारण के साथ पकड़ा गया आरोपी कपिल।



हिसार। अवैध रूप से भंडारण किए गए पटाखे।

हांसी-जींद मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

हांसी-जींद सड़क मार्ग पर गांव गुज्जर बाड़ा के पास दो बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में एसडीएम कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव गुज्जर बाड़ा निवासी दीपक हांसी में एसडीएम कार्यालय में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। वह 17 अक्टूबर की शाम को अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक पर सवार होकर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के बस स्टैंड के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घायल दीपक को पहले हांसी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अग्रोहा में इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता रणधीर ने बताया कि दीपक उनका इकलौता बेटा था।

देसी पिस्तोल सहित आरोपी गिरफ्तार

हिसार। गांव सारंगपुर क्षेत्र से मुकेश नामक युवक को बिना लाइसेंस 32 बोर के देसी पिस्तोल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ के सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार के अनुसार टीम गांव सारंगपुर क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकेश की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 32 बोर का एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी से हथियार का लाइसेंस मांगा, लेकिन वह कोई वैध लाइसेंस पेश नहीं कर सका।

दैविक को इंसाफ दिलाने के लिए आदमपुर में प्रदर्शन

- क्रांति चौक पर परिजनों संग सामाजिक संगठनों में दिखा आक्रोश
- कल रोड जाम और बाजार बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

आदमपुर में 12 वर्षीय दैविक गोयल की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर सोमवार शाम को क्रांति चौक पर परिजनों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए आदमपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। परिजनों ने आरोप लगाया कि मामले में समय पर कार्रवाई नहीं की गई और जांच में कई महत्वपूर्ण पहलुओं की अनदेखी की गई है। दैविक के पिता रवि गोयल, ताऊ बिशंबर गोयल, राजेंद्र सारंगपुरिया, वेद गोयल और ज्ञान प्रकाश सहित अन्य लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि घटना के बाद दैविक को अस्पताल ले जाने और परिवार को सूचना देने में देरी की। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में गौतम सुथार के परिवार के अन्य सदस्यों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। पुलिस द्वारा एसआइटी गठित कर इसकी जांच की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 21 अक्टूबर तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आदमपुर के सभी प्रमुख मार्गों पर जाम लगाने और बाजार बंद रखने का आह्वान करेंगे।



आदमपुर। क्रांति चौक पर रोष जताकर नारेबाजी करते मृतक के स्वजन व लोग।

पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

प्रदर्शन कर रहे परिजनों ने आरोप लगाया कि आदमपुर पुलिस ने सभी संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय केवल दैविक के सहपाठी के खिलाफ केस दर्ज किया और उसे फरीदाबाद स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया। उन्होंने मांग की कि मामले में अन्य लोगों की संभावित भूमिका की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटनास्थल वाले घर को सील नहीं किया और मौके से किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। उनके अनुसार, फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर उसी दिन पहुंचने के बजाय अगले दिन पहुंची।

टॉयलेट में फंदे पर झूली विवाहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- पति, सास, ससुर और दो ननद के खिलाफ केस दर्ज
- पैर न छूने पर सास द्वारा ताना मारने की बात आई सामने

12 क्वार्टर क्षेत्र में रविवार शाम को 29 वर्षीय विवाहिता सुमन ने टॉयलेट के रोशनदान में चुन्नी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति समेत पांच ससुरालजनों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

शहर के आदर्श नगर निवासी मृतका के पिता सुरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सुमन की शादी फरवरी 2025 में 12 क्वार्टर निवासी मनमोहन के साथ की थी। उनका आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुरालजन दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने लगे और छोटी-छोटी बातों पर मारपीट करते थे। मानसिक प्रताड़ना के कारण सुमन के सिर में दर्द रहने लगा था, जिसका इलाज भी चल रहा था। जानकारी के अनुसार, रविवार को सुमन अपने पति के साथ आदर्श नगर स्थित मायके में नवरात्र के हवन में शामिल होने गई थी और दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे ससुराल लौटी थी। आरोप है कि घर लौटने पर सास द्वारा पैर न छूने को लेकर ताना मारा गया, जिससे वह खफा थी। इसके बाद पति घर से बाहर चला गया और जब वह वापस लौटा, तो अंदर से बंद टॉयलेट का दरवाजा तोड़ने पर सुमन का शव रोशनदान से लटकता मिला। सोमवार को थाने में दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई, जिसके बाद पुलिस ने मृतका के पिता के बयान पर पति मनमोहन, सास शकुंतला, ससुर रोहताश और ननद रितु व ममता के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

5.02 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

हिसार। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हिसार यूनिट ने गांव पीरावाली में खेतों के कच्चे रास्ते से हेरोइन सप्लाई करने निकले पीरांवाली निवासी सुनील उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5 ग्राम 2 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उसकी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। यूनिट इंचार्ज एसआई सत्यपाल सिंह के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर टीम ने खेतों के रास्ते पर नाकाबंदी कर आरोपी को मोटरसाइकिल सहित काबू किया। राजपत्रित अधिकारी कपिल वत्स की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से हेरोइन बरामद हुई।



हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
20 अक्टूबर 2026

सहेली

विशेष: विजय दशमी



विजय दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का, अधर्म पर धर्म की जीत का, अनीति पर नीति की जीत का और अन्याय पर न्याय की जीत का उत्सव है। उत्सव मनाने के साथ ही यह पर्व हर तरह की दुष्प्रवृत्ति का प्रतिकार करने का संदेश भी देता है। महिलाओं के लिए इस पर्व में निहित संदेश बहुत मायने रखते हैं। केवल अपने घर-परिवार में ही नहीं आस-पड़ोस और समाज में भी किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या अन्याय के प्रतिकार का सामर्थ्य हर महिला में अवश्य होना चाहिए।

जरूरी है बुराइयों के प्रतिकार का सामर्थ्य

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हमारे परंपरागत पर्व हर मोर्चे पर जीवन साधने की सीख लिए होते हैं। नवरात्र के नौ दिनों में मन की शक्ति जुटाने के बाद आने वाला विजय दशमी का पर्व बुराई के प्रतिकार का हौसला रखने का संदेश देता है। यह त्योहार अहंकार और आक्रामकता पर विनम्रता और अच्छाई की जीत का उत्सव है। प्रभु श्रीराम की विजय के इस पावन पारंपरिक पर्व पर महिलाएं भी व्यावहारिक जीवन में बुराइयों से जूझने का पाठ पढ़ सकती हैं। असल में किसी भी तरह की बुराई से लड़ने के लिए मन की शक्ति को साधने के साथ ही समझ और सूझ-बूझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना होता है। घर हो या बाहर, महिलाएं अपनी समझ, स्नेह और साथ-सहयोग के भाव संग हर तरह की नकारात्मक सोच, दुर्व्यवहार और दुष्प्रवृत्ति को मात दे सकती हैं।

स्पष्ट सोच और मजबूत मन

सबसे पहले तो हर स्त्री को खुद में, अपने ही जीवन से जुड़ी परेशानियों का प्रतिकार करने की सोच लानी होगी। उन समस्याओं के कारणों को समझना होगा। संबंधों से जुड़ी उलझनें हों या दूसरों के गलत व्यवहार से उपजी तकलीफें, हिम्मत के साथ दिलोदिमाग में स्पष्टता भी रखनी होगी। यूं भी जिंदगी के किसी भी मोर्चे पर मन-मस्तिष्क को मजबूत



बनाकर ही किसी बुराई से जूझा जा सकता है। सधी सोच हो, तो ही गलत बात का विरोध किया जा सकता है। नकारात्मकता से लड़ा जा सकता है। मुखर होकर अपनी बात कही जा सकती है। इसीलिए बात परिवार की हो या परिवेश की, सबसे पहले हालात को समझते हुए अपने दिलोदिमाग की उथल-पुथल को ठहराव दें। यह साफ समझें कि किसी तरह के बुरे बर्ताव, बोलचाल या बदसलूकी का विरोध करना है, तो करना है। इसमें अपना पराया न देखें। गलत को गलत कहने के लिए अपनी सोच स्थिर और स्पष्ट रखें। बुराई से लड़ने के मामले में एक बार कदम आगे बढ़ा लें तो पीछे ना हटें। यह तभी संभव है, जब अपनी सोच और मन मजबूत हो।

सहयोग लेने का रखें सहज भाव

प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध जीतने के लिए वानरों का भी सहयोग लिया। अधर्म से दूरी बनाकर निःस्वार्थ भाव से दिए गए विभीषण के मार्गदर्शन को मान दिया। माता सीता को वापस लाने की जद्दोजहद में विनम्रता के साथ सबकी सलाह सुनी। दूसरों के विचारों को मान दिया। महिलाओं को भी बुराइयों के प्रतिकार हेतु ऐसी ही सहज समझ रखनी चाहिए। किसी की सहायता करने के लिए बड़ा दिल रखना ही नहीं, सहायता लेने की खुली सोच रखना भी बुराई से लड़ने के लिए जरूरी है। पर्सनल फ्रंट हो या सामाजिक-पारिवारिक मोर्चा, बुराई से अकेले नहीं लड़ा जा सकता।

साथ, सहयोग देने और जुटाने का गुण हर मुश्किल और अमानवीय बुराई से जूझने के लिए जरूरी है। इसके लिए अहंकार से बचें। यहां तक कि किसी महिला का साथ देने के लिए पुरुष का सहयोग लिया जा सकता है। आपसी समझ अच्छी हो तो पति, बेटे, भाई या पिता, स्त्री जीवन से जुड़ी समस्या से लड़ने में भी आपके मददगार बन सकते हैं। कई बार मुश्किल वक्त में भी ईगो साथ लेने ही नहीं, सहयोग देने में भी खूब आड़े आता है। जबकि स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन समझाता है कि सभी को साथ लेकर चलने की सोच, घर से लेकर बाहर तक बड़े बदलाव लाने का माध्यम बनी है। बुराइयों से जूझने के दौर में संबल देने वाली साबित हुई है।



अच्छाई का साथ देने का सामर्थ्य

बुराई के प्रतिकार के साथ ही इसको जड़ें जमाने से रोकने के लिए भी अच्छाई का साथ देना जरूरी है। नेकी का परिवेश नकारात्मक को फलने-फूलने नहीं देता। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व, दशहरा भी यही समझाता है कि चाहे जितनी भी मुश्किलें आएं, विजय सच की ही होती है। सच्चाई के साथ अच्छाई के लिए लड़ना आसान हो जाता है। बुराई से जीतने की जंग कठिन होने पर भी उस पर चलने की हिम्मत बनी रहती है। सही बात का समर्थन करने का साहस बना रहता है। इसीलिए फायदे-नुकसान या मुश्किल-आसान के फेर में न पड़कर सच के साथ खड़ी रहें। घरेलू मामलों में कई बार सही-गलत का चुनाव मुश्किल हो जाता है। किसी एक पक्ष का साथ देने का दबाव भी रहता है। स्वतंत्र निर्णय लेने से रिश्तों में और उलझनें बढ़ने की फिक्र भी सताती है। पर याद रहे कि सही रास्ता चुनना और सही के साथ खड़े होने का गुण ही आपके सजग अस्तित्व का प्रतीक है।

दूरदर्शी सोच अपनाएं

ससुराल में बेटी के हिस्से आ रही बेवजह की तकलीफें हों या असुरक्षा के घेरे में फंसी आस-पड़ोस की कोई महिला, बहुत-सी स्त्रियां इन बातों-हालातों को समझती हैं, लेकिन साथ देने में जरा देर कर देती हैं। 'सब ठीक हो जाएगा' की सोच से बुराई के घाव अकसर नासूर बन जाने के बाद संभाले जाते हैं। समय रहते चेत जाने का गुण हर तरह की अनीति और अपराध से लड़ने का मुख्य हथियार है। छेड़छाड़ के दुर्व्यवहार की अनदेखी का नतीजा कई बार बर्बर घटना के रूप में सामने आता है। अपने बच्चों का बचपना लगने वाली दिशाहीनता, विरोध न किया जाए तो वे अपराध तक कर बैठते हैं। समय रहते सख्ती न बरती जाए तो बच्चे बुरी लत में फंस जाते हैं। देवरानी-जेठानी हों या घर के बड़े-बुजुर्ग छोटा-मोटा मनमुटाव रिश्तों में एक कटुता पैदा कर देता है। इसीलिए महिलाओं को समझना होगा कि सभी बुराइयों की शुरुआत बहुत आम से लगने वाले व्यवहार से होती है। एक सामान्य या मन को उद्वेलित करने वाला विचार हर तरह की नकारात्मकता की जड़ बन जाता है। जरूरी है कि स्त्रियां छोटी-छोटी बातों को लेकर भी सचेत रहें। विवेकशील सोच के साथ समस्याओं से जूझने के कदम उठाएं। समय रहते चेत जाएं तो परिवार हो या समाज, हर अनैतिक और असभ्य व्यवहार को पहले ही कदम पर रोका जा सकता है। दूरदर्शिता का गुण दुष्प्रवृत्ति से लड़ने के लिए बहुत जरूरी है। बुराई के जड़ें जमाने से पहले ही उखाड़ फेंकने के लिए भी यह दूरदर्शिता आवश्यक है।

अपनी बुराइयों के अंत के लिए बच्चों को ऐसे करें प्रेरित

नादान बच्चे अनजाने में कुछ बुरी आदतें अपना लेते हैं। इन बुरी आदतों को अभिभावक डांटकर नहीं, प्यार से सुधारें। उन्हें अच्छी आदतों के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही बड़े बच्चों के सामने अपना आचरण भी ऐसा रखें कि वे अच्छी बातें अपनाने के लिए प्रेरित हों।

बच्चे और आप
पूर्ति खरे



हर साल दशहरे पर बच्चे अपने माता-पिता के साथ रावण दहन देखने जाते हैं। जब बच्चे रावण के पुतले को जलते हुए देखते हैं, तो उनके मन में कई सवाल उठते हैं- रावण क्यों जलाया जाता है? अगर बुराई पर अच्छाई की जीत का नाम विजय दशमी है, तो अच्छाई और बुराई कैसे पहचानें? हम अच्छे कैसे बनें? आप बच्चों के मन में उठते इन सवालों का जवाब जरूर दें, उन्हें बताएं कि विजय दशमी में बुराई पर अच्छाई की जीत केवल राम और रावण की कहानी नहीं है, यह कहानी हमारी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ती है। यह हमारे लिए एक बड़ा सबक है। हम बच्चों को कैसे बुराइयों से दूर रखें, उन्हें अच्छा बनने के लिए प्रेरित करें, यहां विस्तार से जानिए

गलती स्वीकारना और सुधारना सिखाएं: बच्चा झूठ बोलता है, गुस्सा करता है या अपनी गलती स्वीकार नहीं करता, तो हम उसे जिद्दी, झूठा या बिगड़ैल कह देते हैं। लेकिन बच्चे को डांटने या बुरा कहने के बजाय उसके व्यवहार को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उसे समझाएं कि गलती किसी से भी हो सकती है, लेकिन उसे स्वीकार करना और सुधारना एक अच्छी बात है।



डांटकर नहीं, प्यार से समझाएं: मान लीजिए, बच्चे ने खेलते समय कोई सामान तोड़ दिया है। डर के कारण वह झूठ बोल देता है कि उसने नहीं तोड़ा। ऐसे में बच्चे को अपमानित करने के बजाय प्यार से पूछें, 'सच-सच बताओ, यह चीज टूटी कैसे। प्रॉमिस करो, आगे से ऐसी कोई हरकत नहीं करोगे, जिससे कोई नुकसान हो।' इससे बच्चा समझेगा कि सच बोलना, गलती छिपाने से बेहतर है।

तुलना नहीं, प्रोत्साहित करें: जब बच्चे के किसी दोस्त को अच्छे अंक मिलते हैं या भाई-बहन को कोई उपहार मिलता है, तो बच्चे के मन में ईर्ष्या के भाव आ सकते हैं। ऐसे में उसे डांटने के बजाय समझाएं कि किसी दूसरे की सफलता का मतलब हमारी हार नहीं है। किसी दूसरे बच्चे से तुलना करने के बजाय, उसको अच्छे प्रयास करने के लिए प्रेरित करें, उसके इस प्रयास के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वह अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना सीखें।

बातें सुनें और जिम्मेदारियां समझाएं: बच्चों के साथ बैठकर उनकी बात सुनें और उन्हें अपनी जिम्मेदारियां समझाएं। साथ ही अपने व्यवहार से भी वही उदाहरण प्रस्तुत करें, जिसकी अपेक्षा आप बच्चों से करते हैं। बच्चों में सही गलत बात की सीख और समझ जरूर विकसित करें। वह कभी किसी के दबाव में आकर कोई गलत काम ना करें, न ही किसी गलत बात का समर्थन करें। बच्चों को गलत बातों का विरोध करना भी सिखाएं। वे हमेशा सच्चाई का साथ दें, झूठ से दूर रहें।


सकारात्मक परवरिश का सार : क्यों न, इस विजय दशमी परिवार के सभी सदस्य अपनी एक बुरी आदत खत्म करने का संकल्प लें। जैसे- बच्चा कहे कि वह गलती होने पर सच-सच बताएगा। माता-पिता संकल्प लें कि वे गुस्से में ऊंची आवाज में नहीं बोलेंगे। पैरेंट्स भी उन बुरी आदतों को छोड़ेंगे, जिनके लिए अपने बच्चों को रोकते-टोकते हैं। सप्ताह के अंत में परिवार के सभी सदस्य बैठकर आपस में चर्चा करें कि कौन, कितना अपना संकल्प अमल में लाया। कोई गलती होने पर गुस्साने के बजाय बच्चों को सुधारने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को यह भी समझाएं कि दूसरों का मजाक उड़ाना या किसी कमजोर को परेशान करना सही नहीं है। यदि वे किसी को दुःख पहुंचाते हैं, तो उनसे माफी मांगे और अपनी गलती सुधारें। जिस दिन बच्चा अपनी गलती पहचानकर उसे सुधारने की कोशिश करना सीख जाता है, उसी दिन बुराइयों पर अच्छाई की जीत शुरू हो जाती है। ऐसी ही छोटी-छोटी जीतें मिलकर एक संवेदनशील और जिम्मेदार इंसान बनाती हैं। यही विजय दशमी की सच्ची सीख है, यही सकारात्मक परवरिश का सार भी है।

दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक तो है ही। यह पर्व प्रतीकात्मक रूप में महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने के लिए भी प्रेरित करता है, नई पीढ़ी को संस्कारित भी करता है।

महिलाओं के लिए शक्ति आह्वान संस्कार पोसने का पर्व है दशहरा

पर्व-संदेश
वीरेंद्र बहादुर सिंह

दशहरा यानी विजय दशमी, बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व तो है ही, साथ ही महिलाओं के लिए दशहरा अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और नई पीढ़ी को संस्कारित करने का अवसर भी है।



नारी शक्ति का प्रतीक देवी दुर्गा: विजय दशमी से जुड़ी देवी दुर्गा और महिषासुर की कथा, नारी शक्ति का सबसे प्रभावशाली प्रतीक मानी जाती है। इस कथा का संदेश आज भी प्रासंगिक है। महिला चाहे गृहिणी हो, नौकरीपेशा हो, व्यवसायी हो या किसी अन्य क्षेत्र में कार्यरत हो, उसके भीतर परिस्थितियों से संघर्ष करने और परिवार को संभालने की अद्भुत क्षमता होती है।



बच्चों को देती हैं संस्कार: बच्चों को रामायण की कथा सुनाना, सत्य-धर्म का महत्व समझाना तथा बड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी हमारी माताओं और दादियों की परंपरा का हिस्सा रहा है। इस तरह महिलाएं त्योहार के माध्यम से संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाती हैं। आज इस बात की बहुत जरूरत है कि बच्चों (खासतौर पर बेटियों) को केवल त्योहारों की पूजा-पद्धति न सिखाई जाए, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता, शिक्षा, आत्मरक्षा, निर्णय लेने की क्षमता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का संस्कार भी दिया जाए। दशहरा हमें सिखाता है कि शक्ति का अर्थ केवल बाहरी सामर्थ्य नहीं, बल्कि सही और गलत के बीच अंतर समझना है।

करें आत्मचिंतन: दशहरे पर घर में पूजा, दीप प्रज्ज्वलन, शंखनाद और आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो जाता है। लेकिन त्योहार की सार्थकता तब और बढ़ती है, जब पूजा के साथ आत्मचिंतन भी किया जाए। आप स्वयं से पूछ सकती हैं कि क्या मैं अपने लिए भी समय निकालती हूं? कहीं मैं आत्मसम्मान से समझौता तो नहीं कर रही? इन सवालों के जवाब आपको आत्मसुधार के लिए प्रेरित करेंगे।

चुनौतियां से लड़ने की प्रेरणा: रावण के दस सिर को यदि प्रतीकात्मक रूप से देखें, तो वे अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और अन्य नकारात्मक प्रवृत्तियों की याद दिलाते हैं। महिलाओं के जीवन में भी कई प्रकार की सामाजिक और मानसिक चुनौतियां आती हैं। भेदभाव, असुरक्षा, रूढ़ियां, आत्मविश्वास की कमी और दूसरों की अपेक्षाओं का दबाव जैसी नकारात्मकताओं पर विजय पाने की प्रेरणा भी यह पर्व देता है।

वास्तविक विजय का अर्थ: दशहरा इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह आपको अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने का अवसर देता है। इस दिन अपने भीतर के डर, हीनभावना, क्रोध या आत्मविश्वास की कमी को भी दूर करने का संकल्प लें, तो विजय दशमी पर्व का संदेश और सार्थक हो सकता है।


फेस्टिव सीजन के लिए परफेक्ट है मिनरल मेकअप

मेकअप
प्रीति गुप्ता

जब बात फेस्टिव सीजन में सजने-संवरने की आती है, तो महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए खूब चाव से मेकअप करती हैं। जहां पहले के दौर में फेस्टिव मेकअप में हैवी फाउंडेशन, कंसीलर और कई लेयर वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल ज्यादा किया जाता था, वहीं अब नेचुरल और लाइट मेकअप का ट्रेंड पसंद किया जा रहा है। इसी वजह से मिनरल मेकअप भी महिलाओं के बीच पॉपुलर हो रहा है। इसमें चेहरे को बहुत ज्यादा ढंकने के बजाय त्वचा की नेचुरल खूबसूरती को बनाए रखने पर जोर दिया जाता है।

त्वचा को करें तैयार: मिनरल मेकअप का अच्छा लुक पाने के लिए पहले पहले स्किन की तैयारी जरूरी है। चेहरे को साफ करने के बाद अपनी स्किन टाइप के अनुसार मॉयश्चराइजर लगाएं। दिन में फंक्शन है तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। अच्छी तरह मॉयश्चराइज की गई त्वचा पर मेकअप ज्यादा स्मूद दिखाई देता है।

मिनरल फाउंडेशन करें यूज: अगर आप मिनरल फाउंडेशन या मिनरल पावडर इस्तेमाल कर रही हैं, तो इसकी बहुत मोटी लेयर लगाने से बचें। जहां जरूरत हो, वहीं हल्की मात्रा में लगाएं। इसका उद्देश्य आपकी रंगत को थोड़ा समान दिखाना है। इससे चेहरा नेचुरल नजर आएगा।



कंसीलर सिर्फ जरूरत वाली जगह लगाएं: त्योहारों के मेकअप में आंखों के नीचे हल्के डार्क सर्कल या छोटे दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर लगाया जा सकता है। लेकिन पूरे चेहरे पर इसकी मोटी परत लगाने की जरूरत नहीं है। कम प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से मेकअप ज्यादा नेचुरल ही नहीं अधिक आकर्षक भी दिखाई देता है।

आंखों को दें सॉफ्ट टच: आंखों के लिए बहुत ज्यादा गहरा मेकअप करने के बजाय ब्राउन, गोल्डन या सॉफ्ट शिमरी शेड चुन सकती हैं। पतली आईलाइनर लाइन और हल्का सा मस्कारा आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए काफी है। अगर शाम का फंक्शन है, तो आंखों के अंदरूनी कोने पर हल्का शिमर लगाया जा सकता है।

ब्लश से मिलेगी फ्रेशनेस: मिनरल मेकअप में ब्लश का इस्तेमाल चेहरे को फ्रेश और हेल्दी लुक देने के लिए किया जाता है। पीच, सॉफ्ट पिंक या रोजी शेड के ब्लश, त्योहारों के लिए अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ब्लश को गालों पर हल्के हाथों से लगाएं ताकि ब्लश का शेड ज्यादा गहरा न दिखे।

होंठों पर सॉफ्ट कलर: मिनरल मेकअप के साथ होंठों पर न्यूड, रोज, पीच या सॉफ्ट ब्राउन शेड खूबसूरत लग सकते हैं।

हाईलाइटर: सबसे लास्ट में चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और आंखों के अंदरूनी कोने पर थोड़ी मात्रा में हाईलाइटर लगाएं।

(ब्यूटी एक्सपर्ट सिमरन अरोड़ा से बातचीत पर आधारित)

त्योहारों में जरूरी है खुद की देखभाल

त्योहार अपनों के साथ खुशियां मनाने के लिए होते हैं, खुद को थकाकर बीमार करने के लिए नहीं। जब आप अपना ध्यान रखेंगी, देखभाल करेंगी, तभी त्योहारों का असली आनंद ले पाएंगी।

सेल्फ केयर
पारुल अग्रवाल मित्तल

पर्व-त्योहार खुशियां लेकर जरूर आते हैं, लेकिन इन दिनों घर की महिलाओं के काम बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं। घर की साफ-सफाई, खरीदारी, पकवान बनाना और मेहमानों की खातिरदारी का सारा बोझ उन पर ही होता है। इससे अकसर महिलाएं तनाव में आ जाती हैं, इसे मेडिकल भाषा में फेस्टिव बर्नआउट हैं। इसलिए त्योहारों पर कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

अपने आपको न भूलें: त्योहारों में महिलाओं की जिम्मेदारियां बहुत बढ़ जाती हैं। वे यह भूल जाती हैं कि त्योहार की खुशी में उनका अपना हिस्सा भी उतना ही जरूरी है, जितना बाकी सबका। इसलिए इस बार त्योहार की तैयारी में अपने आपको भूलें नहीं, त्योहार की खुशी का हिस्सा बनें।

अपने लिए सजे-संवरें: त्योहार पर सजना-संवरना सिर्फ दूसरों की खुशी के लिए नहीं, अपनी खुशी के लिए भी जरूरी है। आप अपनी पसंद की ड्रेस पहनें, बाल संवारें, मेकअप करें, अपनी पसंद की कोई एसेसरी पहनें। ये सब अपने आपको खुशी देते हैं। त्योहार पर आईने में खुद को देखकर मुस्कुराना आत्मविश्वास बढ़ाता है। इस आत्मविश्वास की एक अलग ही खुशी महसूस होती है।



मुस्कुराता हुआ हो आपका चेहरा: त्योहारों की रोशनी सिर्फ घर के दीयों से ही नहीं, घर के लोगों के मुस्कुराते चेहरों से भी आती है। इस रोशनी में सिर्फ आपका मुस्कुराता चेहरा ही नहीं, परिवार के बाकी सदस्यों का चेहरा भी मुस्कुराता हुआ होना जरूरी है। इसलिए इस त्योहार घर की सफाई करते हुए अपने मन की थकान भी हमेशा साफ रखें। त्योहारों की छोटी-सी सेल्फ-केयर है, काम का बेहतर बंटवारा। इससे आपको खुशी मिलेगी और घर में खुशनुमा माहौल भी बनेगा।

स्वाद के साथ सेहत का भी रखें ख्याल: त्योहारों पर अधिक मिठाइयां और तला-भुना खाना शरीर पर भारी पड़ सकता है। इसके लिए डाइट को बैलेंस करें। एक टाइम हैवी डाइट ली है, तो दूसरे टाइम कुछ लाइट खाएं। बार-बार चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक्स से बचें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीती रहें। भोजन में फल, सलाद और हल्का खाना शामिल करें। त्योहार की खुशी अगले दिन भारीपन, एसिडिटी या थकान में न बदल जाए, इसका ध्यान रखना अपनी देखभाल का हिस्सा है।

पर्याप्त नींद लें: त्योहारों की तैयारियों में अकसर रात देर तक जागना और सुबह जल्दी उठना सामान्य सी दिनचर्या हो जाती है। कुछ जिम्मेदारियां परिवार के दूसरे सदस्यों को भी दें और अपनी नींद को प्राथमिकता दें। इससे आप अपना फ्रेश फील करेंगी।

काम के बीच लेती रहें ब्रेक

जब आप लगातार काम करती हैं, तो शरीर और दिमाग दोनों थक जाते हैं। ऐसे में त्योहारों से पहले अपने सभी कामों की सूची बना लें। कोशिश करें कि आप कामों के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लें। इस दौरान चाय-कॉफी के साथ कुछ देर शांत बैठना, थोड़ी देर टहलना, संगीत सुनना या फिर बस आंखें बंद करके आराम करना भी पर्याप्त है, इससे आपके शरीर को ऊर्जा मिलेगी और चेहरे पर ताजगी बनी रहेगी।



खबर संक्षेप

सरपंच एसोसिएशन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

हिसार। जिले की ग्राम पंचायतों में रुके विकास कार्यों को दोबारा शुरू करवाने और सरपंचों की समस्याओं के समाधान की मांग पर सरपंच एसोसिएशन हिसार-2 ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान रामबीर सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पंचायतों को आ रही व्यावहारिक समस्याओं से अवगत करवाते हुए मनरेगा के लंबित बिलों और राज्य वित्त आयोग (एसएफसी) की बकाया किस्तों का भुगतान जल्द जारी करने की मांग की। सरपंचों ने कहा कि लंबित भुगतान और निर्माण सामग्री की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण गांवों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

हिसार डिपो में कर्मियों का धरना जारी

हिसार। हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सांझा संघर्ष समिति के नेतृत्व में कर्मचारियों का धरना सोमवार को 28वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने लंबित वित्तीय भत्तों, रात्रि भत्ते, एलटीसी और मेडिकल बिलों का भुगतान करने की मांग उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि 30 अक्टूबर तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। धरने की अध्यक्षता अजय दुहन ने की जबकि पवन कनोह ने मंच संचालन किया। सांझा संघर्ष समिति के प्रेस प्रवक्ता संदीप जैनावास ने कहा कि कर्मचारियों का रात्रि भत्ता पिछले करीब साढ़े तीन वर्षों से बकाया है।

पीपीटी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हिसार। राजगढ़ रोड स्थित गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय, हिसार के लीगल लिटरेसी सेल द्वारा विश्व छात्र दिवस के अवसर पर पीपीटी (पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने साहित्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मानसिक स्वास्थ्य सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर अपनी रचनात्मकता, विषयगत समझ और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में हर्षिता ने प्रथम, स्नेहा ने द्वितीय तथा आसु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रामायण क्विज से मनाया विजयदशमी पर्व

हिसार। डीएवी पब्लिक स्कूल में विजयदशमी का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए रामायण आधारित क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से छठी तक के विद्यार्थियों ने रामायण को जानो क्विज में भाग लेकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया, जबकि कक्षा सातवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में रामायण के विभिन्न प्रसंगों को चित्रों के माध्यम से सजीव रूप दिया। नन्हे विद्यार्थियों को रामायण से जुड़ी लोककथाएं सुनाई गईं, ताकि वे भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से परिचित हो सकें।

हनुमान मंदिर में लगाया भंडारा

हिसार। मिल गेट स्थित हनुमान कॉलोनी के हनुमान मंदिर में भगवान देव नारायण, मां दुर्गा एवं श्री श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना की तीसरी वर्षगांठ श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई तथा भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान सुनील रावत, उपप्रधान सतबीर गुर्जर, रामनिवास शर्मा, रघवीर शर्मा, प्रदीप बंसल, सतबीर शर्मा, राम कसाणा, सुरेश गुर्जर, अमित राव, रवि गुर्जर, संदीप गुर्जर, महेंद्र गारेल, विनोद, सुमेर रावत, रतन सैनी और श्रीपाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

एकल एवं युगल नृत्य व गायन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

लुवास नाइट में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गरबा-डांडिया ने बांधा समां

विवि के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मियों, छात्रों व उनके परिवारों ने उत्साह के साथ भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। लुवास नाइट में हिस्सा लेने वाली प्रतिभागी को सम्मानित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा व प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में आयोजित लुवास नाइट में विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्लब की ओर से छात्र कल्याण एवं संपदा कार्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, विद्यार्थियों और उनके परिवारों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गरबा और डांडिया नाइट रही, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे। उनकी पत्नी डॉ. पूनम वर्मा व हरियाणा के पूर्व सूचना आयुक्त डॉ. जगवीर सिंह अपनी पत्नी डॉ. मुदिता वर्मा के साथ विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने एकल एवं युगल नृत्य, गायन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भारतीय और पाश्चात्य नृत्य शैलियों के साथ गरबा, भांगड़ा, हरियाणवी लोकनृत्य और बॉलीवुड संगीत का आकर्षक संगम देखने को मिला।



कुलपति ने आयोजन की सराहना की

एकल नृत्य प्रतियोगिता में इंडो-वेस्टर्न प्रस्तुति के लिए किरण ने प्रथम स्थान हासिल किया। गरबा एवं वेस्टर्न नृत्य प्रस्तुति के लिए हरगुन दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि वेस्टर्न नृत्य में अभिनव और गरबा में बॉलीवुड शैली का समावेश करने वाली नेहानूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की युगल नृत्य प्रतियोगिता में भांगड़ा प्रस्तुति के लिए शाइना और मोनिका की जोड़ी प्रथम तथा गरबा प्रस्तुति के लिए खुशी और तमन्ना की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रही। मिश्रित युगल नृत्य प्रतियोगिता में हरियाणवी नृत्य के लिए मधु और लक्ष्य की जोड़ी ने पहला तथा वेस्टर्न नृत्य के लिए तेजस और दिशा की जोड़ी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। एकल गायन में सोनू ने प्रथम, सौरभ बरवाला ने द्वितीय और अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। युगल गायन प्रतियोगिता में शाइना और अभिनव की जोड़ी प्रथम रही। विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. श्रीधर ने भी गीत प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्रतियोगिताओं में प्रस्तुतियों का मूल्यांकन डॉ. श्रीधर और डॉ. मुदिता वर्मा ने किया।



हिसार। गांव बालसमंद में विरोध में प्रदर्शन करते सांसद जयप्रकाश, विधायक चंद्रप्रकाश और कार्यकर्ता।

बालसमंद में कांग्रेस सम्मेलन में गूंजा वोट चोरी और मतदाताओं के अधिकारों का मुद्दा

- ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गांव बालसमंद में ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में हिसार के सांसद जयप्रकाश जेपी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार की नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी बात रखी। सम्मेलन के बाद कथित वोट चोरी और मतदाताओं के अधिकारों के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन एवं विधायक चंद्रप्रकाश, उकलाना के विधायक नरेश सेलवाल, नारनौंद के विधायक जस्सी पेटवाड़, हरियाणा कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री जयदीप धनखड़ और कांग्रेस नेता अनिल मान सहित अनेक नेता मौजूद रहे। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी हर वर्ग के हितों की आवाज उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान से खिलवाड़ कर रही है। विधायक चंद्रप्रकाश ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर बड़े-बड़े वादे करके जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सूरा, जिला पार्षद आशीष गोदारा कुक्की, भूपेंद्र कासनिया, रतन बडगुज्जर, संतोष जून, आशीष नेहरा, भीम सिंह झाझडिया, कुलदीप सिंवर, संदीप बिल्लेवाल, सतेंद्र सहारण, इंद्र सिंह और तेजबीर पूनिया सहित कई कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।



हिसार। कन्याओं को भोज करवाते मंदिर के सेवादार।

हनुमान मंदिर में नवरात्रि उत्सव का समापन

हिसार। जवाहर नगर की गली नंबर 2 स्थित श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर में नवरात्रि उत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। नवमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में मां दुर्गा का विधिवत पूजन एवं हवन-यज्ञ किया गया। इसके पश्चात 51 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन करवाया गया। कन्याओं को दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मां दुर्गा पूजन के मुख्य यजमान विनोद बिश्नोई जी एडवोकेट तथा हवन-यज्ञ के मुख्य यजमान कुशाल मेहता सपत्नीक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान इंद्र चंद्र राठी, भगत चंद मेहता, के.के. सेहरा, दीपक कक्कड़, वेद प्रकाश, हरबंस ग्रोवर, मोहित गांधी, रमेश सुखीजा, ओपी सुखीजा, नरेंद्र रेवड़ी, सुरेश बांगा सहित मंदिर के पुजारी एवं समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

नवरात्र के अवसर पर आदमपुर में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर



आदमपुर। शिविर में रक्तदान करते महिला।

गोपीराम धर्मशाला में आदर्श युवा क्लब एवं जय मां दुर्गा सेवा मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ब्लड बैंक में रक्त की कमी को पूरा करना और जरूरतमंद मरीजों की मदद करना रहा। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा से डॉ. रिचा नैन के नेतृत्व में टीम रक्त संग्रहण के लिए पहुंची। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी राजकुमार राजू लंबू प्रधान, सतपाल भांभू, विनोद सोनी, उग्रसेन एंचरा, जीत भदरेचा, भारती, सतीश सिंवर मास्टर और ब्लड मैन राकेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन राजेश मीणा और सह-चेयरमैन विनोद वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर आदर्श युवा क्लब के प्रधान सुनील फुरसानी, संरक्षक दादा ताराचंद बुडाकिया, रामचंद्र झुरिया, सुरेश गोदारा बॉक्सर, राजीव पूनिया, मेजर नरोत्तम, ओम विष्णु बेनीवाल आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



श्यामसुख अखाड़े में रामायण पाठ का समापन

हिसार। श्री सिद्ध बाबा अनूपगिरी अखाड़ा श्यामसुख में नवरात्रि के पावन अवसर पर चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय रामायण पाठ का विधिवत समापन किया गया। समापन के अवसर पर अखाड़े में कन्या पूजन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखाड़े के गद्दीशीन महंत मुकेश गिरी महाराज ने विधि-विधान से कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर, प्रसाद व दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया। इस पावन अवसर पर कथा वाचक के रूप में फतेहाबाद जिले के हड़ोली डेरे से सुखदेव पुरी महाराज और खुशी गिरी महाराज विशेष रूप से पहुंचे।

टेक्सटाइल डिजाइन के 5 छात्राओं का मिली प्लेसमेंट



हिसार। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के टेक्सटाइल डिजाइन विभाग के 2026 बैच 5 छात्राओं का चयन विभिन्न कंपनियों हुआ है। टीपीओ डॉ. मुकेश बंसल ने बताया कि चयनित छात्राओं में टेक्सटाइल डिजाइन विभाग से पूजा,मीनू व नीलम का चयन नॉरसिपन इंटरनेशनल लिमिटेड गुरुग्राम, भावना का शबनम एक्सपोर्ट्स और रवीना का मैकटेक नीटफेब गुरुग्राम में चयन हुआ। एटीपीओ सुनील भूटानी ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को दो लाख दस हजार से दो लाख चालीस हजार का वार्षिक वेतन मिलेगा तथा इस बात पर भी जोर दिया कि विभाग में विद्यार्थियों को तीन वर्ष के डिप्लोमा में इंडस्ट्रीज की डिमांड के हिसाब से तकनीकों व स्किल को सिखाया जाता है ताकि विद्यार्थियों को प्लेसमेंट में सहायता मिल सके।



स्काउट्स एंड गाइड्स शिविर में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हिसार। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में लगाए गए विशेष प्रशिक्षण शिविर में जिले के कालवास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। भिवानी में आयोजित इस शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों ने ट्रेनर नरेश कुमार तथा इतिहास प्रवक्ता एवं गाइड्स कैप्टन प्रिया रानी के नेतृत्व में प्रतिभागिता की। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्काउट्स एवं गाइड्स गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर राज्यस्तरीय ट्रेनिंग सैंटर के शुभारंभ भी किया गया। स्काउट्स एंड गाइड्स कैप्टन प्रिया रानी ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, सेवाभाव, नेतृत्व क्षमता और देश के प्रति प्रेम का जज्बा पैदा करना था।

रॉयल स्कूल खाराखेड़ी में जागरण कार्यक्रम

हिसार। रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खाराखेड़ी में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ भव्य जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। माता रानी की भेंटों, मधुर भजनों और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। रॉयल स्कूल एवं सैनिक स्कूल खारा खेड़ी के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भरपूर उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम में स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा (सेवानिवृत) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जागरण में लाची ग्रुप, हिसार ने अपनी शानदार भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



अग्रोहा के विकास के लिए सरकार विशेष पैकेज दे

आदमपुर। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में आदमपुर रेस्ट हाउस में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में अग्रोहा धाम की इकाई के विस्तार और 25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में आयोजित होने वाले 43वें विशाल वार्षिक मेले की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को अग्रोहा के विकास के लिए विशेष पैकेज देना चाहिए। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा क्षेत्र को ग्लोबल सिटी के रूप में विकसित करना चाहिए। गर्ग ने कहा कि सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार अग्रोहा को उपतहसील का दर्जा देना चाहिए। बजरंग गर्ग ने बताया कि अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को 43वां विशाल वार्षिक मेले में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में अग्रवाल सभा के प्रधान घीसाराम जैन, संरक्षक तरसेम गोयल, प्रदेश सचिव गौरव सिंगला, सरपंच जगत अग्रवाल, युवा इकाई के प्रधान अमित गोयल, दिनेश गर्ग, नरेश गोयल, सुभाष अग्रवाल, निरंजन बंसल आदिमौजूद रहे।

देशभर के नामचीन कलाकारों ने दिए कला के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- करियर निर्माण के लिए युवाओं को किया प्रेरित, 80 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग
- द कैनवास ऑफ हिसार दो दिवसीय राज्य स्तरीय आर्ट वर्कशॉप का समापन

आकार वेलफेयर सोसायटी के प्रकल्प नक्षत्रा इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के तत्वावधान में तथा गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय आर्ट वर्कशॉप एवं आर्ट डायलॉग 'द कैनवास ऑफ हिसार' का भव्य समापन हुआ। इस प्रकार की अनूठी कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिष्ठित कलाकारों सहित 80 से अधिक प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवा कलाकारों और विद्यार्थियों को कला की विभिन्न विधाओं से रूबरू कराना, उनकी रचनात्मकता को निखारना और कला के क्षेत्र में उपलब्ध शिक्षा, रोजगार तथा करियर के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रमुख कलाकारों डॉ. कृष्ण कुंदरा, डॉ. सिद्धार्थ त्रिपाठी, शशांक शुक्ला और दुर्गेश अटल ने अपने समृद्ध अनुभव साझा किए और प्रतिभागियों को कला की सूक्ष्म बारीकियों से अवगत कराया। डॉ. कृष्ण कुंदरा ने युवाओं को कला से जोड़ने और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभा निखारने पर विशेष बल दिया।

प्रबंध निदेशक ने एजेंसी को दिया 2 दिन का अल्टीमेटम

मीटर रीडिंग में देरी पर बिजली निगम सख्त

- मीटर रीडिंग और बिलिंग में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, काम पूरा न होने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग में हो रही देरी को अत्यंत गंभीरता से लिया है। निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने संबंधित एजेंसी को सख्त लहजे में निर्देश जारी करते हुए अगले दो दिनों के भीतर सभी लंबित मीटर रीडिंग का कार्य पूरा करने के आदेश दिए हैं। प्रबंध निदेशक ने स्पष्ट किया है कि मीटर रीडिंग और बिलिंग प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा नहीं हुआ या कोई कमी पाई गई, तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रबंध निदेशक ने एसई (एम एंड पी) को निर्देश दिए हैं कि सभी शेष उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग तय समय में पूरी करवाई जाए। एम एंड पी विभाग के अनुसार, संबंधित एजेंसी मेसर्स प्रज्ञावेयर को एलटी (लो टेंशन) और एचटी (हाई टेंशन) श्रेणी के शेष सभी उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग अगले दो दिनों के भीतर पूर्ण करने को कहा गया है। इस पर एजेंसी ने दिए गए समय के भीतर लंबित कार्य पूरा करने का पूर्ण आश्वासन दिया है।

सॉफ्टवेयर व मैनपावर की आ रही थी समस्या



विक्रम सिंह

मीटर रीडिंग में हो रहे विलंब पर एजेंसी ने सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन, नई कार्यप्रणाली को समझने और मानव संसाधन (मैनपावर) के समायोजन में आ रही दिक्कतों का हवाला दिया है। एम एंड पी विभाग इन समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए एजेंसी के साथ लगातार संपर्क में है। जब तक सॉफ्टवेयर से जुड़ी दिक्कतों का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सीएमआरआई के माध्यम से मीटर रीडिंग दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

पूर्व कर्मचारियों की सेवाएं लेने का सुझाव

कार्य में तेजी लाने के लिए विभाग ने एजेंसी को सलाह दी है कि वे पूर्व में कार्यरत अनुभवी कर्मचारियों की सेवाएं लेकर लंबित पड़े काम को जल्द निपटाएं और आवश्यकतानुसार चरणबद्ध तरीके से कर्मचारियों का समायोजन करें। निगम ने निर्देश दिए हैं कि प्राप्त रीडिंग डेटा के आधार पर अधिकतम बिल समय पर जारी करने के लिए एम एंड पी विभाग सीबीओ के साथ तालमेल बिठाकर तुरंत कार्रवाई करे।

रोलर स्केटिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हिसार। दिल्ली रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के स्केटिंग रिंक में जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने इनलाइन और क्वाड स्केटिंग स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। प्रतियोगिता का शुभारंभ ओम ग्लोबल स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी के कुलपति नरेंद्र कुमार कौशिक और लुवास के ओएसडी रविंद्र ने किया। जिला रोलर स्केटिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह, उपाध्यक्ष सतीश भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र लाहौरिया और आयोजन समिति के सदस्य अशोक तंवर भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों की इनलाइन स्पर्धा में शिवत्व प्रथम और पार्थ द्वितीय रहे, जबकि क्वाड स्पर्धा में अर्थव ने पहला स्थान हासिल किया।

खबर संक्षेप

ट्रेनों की लेटलतीफी से दैनिक यात्री परेशान

आदमपुर। श्रीगंगानगर-दिल्ली और मेरठ-श्रीगंगानगर रेलमार्ग पर संचालित गाड़ी संख्या 14029 व 14030 के लगातार विलंब से चलने और बार-बार निरस्त होने के कारण आदमपुर क्षेत्र के दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्राम पंचायत जवाहर नगर और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंडी आदमपुर के स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने रेलवे प्रशासन से ट्रेनों का संचालन सुचारू करने और यात्रियों की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले करीब 20 दिनों से इन रेलगाडिय़ों का संचालन प्रभावित है। ट्रेनें पांच से सात घंटे तक की देरी से पहुंच रही हैं या अचानक निरस्त कर दी जाती हैं। इससे यात्रियों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

समाजसेवी साधुराम श्योराण के छोटे भाई के निधन

नारनौंद। गांव खेड़ी लोहचब निवासी प्रमुख समाजसेवी साधुराम श्योराण के छोटे भाई 45 वर्षीय संतराम का 15 अक्टूबर को हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया था। उनके निधन पर अनेक समाजसेवी संगठन और राजनेताओं ने गहरा दुख प्रकट किया है। प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व ओएसडी महेंद्र चोपड़ा, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, भाजपा जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान, इनेलो नेता उमेद लोहान, जिला पार्षद दिनेश श्योरान ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवार के लिए अपूर्ण क्षति हैं।

प्राथमिक शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

नारनौंद। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत खंड नारनौंद में प्राथमिक शिक्षकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें 75 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का आयोजन आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी लोहचब में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों गतिविधि आधारित शिक्षण रोचक शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग तथा बच्चों के सीखने के स्तर के नियमित आकलन के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षक मार्गदर्शिका और शिक्षण सहायक सामग्री के उपयोग पर भी जोर दिया गया।

भाविप गायत्री शाखा ने किया कन्या

बरवाला। नवरात्र के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा बांके बिहारी मंदिर, दौलतपुर रोड, बरवाला में महा सप्तमी कन्या पूजन एवं सत्संग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कन्या पूजन के साथ बच्चों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, संस्कार एवं शिक्षा के महत्व से अवगत करवाया गया। इस मौके पर गुंजन गोयल, शिक्षाविद सुनीता जाखड़, पवन शर्मा, जिले सिंह, साधुराम जाखड़, पवन शर्मा, शिव कुमार कौशिक, मनीष गोयल, राजेंद्र भट्ट, देवेन्द्र मित्तल, शशि कौशिक, प्रियंका गोयल, सुदेश भट्ट सहित आदि मौजूद रहे।

जिलेभर में विजयादशमी को लेकर श्रीराम के भक्तों में उत्साह का माहौल

आकर्षक आतिशबाजी के बीच होगा रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व मंगलवार को जिलेभर में पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस बार विभिन्न रामलीला कमेटियों द्वारा भव्य पुतला दहन, रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक आतिशबाजी के विशेष प्रबंध किए गए हैं। शहर में प्रमुख रूप से पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में द्वारा पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में, श्री नरसिंह प्रहलाद रामलीला दशहरा सभा की ओर नई सब्जी मंडी, श्री बद्री-केदार रामलीला समिति द्वारा विद्युत नगर में दशहरा उत्सव मनाया जाएगा।

कटला रामलीला का विजय दशमी महोत्सव को पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा। यहां पर पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही दर्शकों को भव्य आतिशबाजी भी देखने को मिलेगी। विजय दशमी महोत्सव में रावण का पुतला 55 फुट, कुंभकरण का पुतला 50 फुट और मेघनाद का पुतला 45 फुट का रहेगा।



हिसार। विद्युत नगर में दशहरा महोत्सव के लिए तैयार किए गए रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले। फोटो: हरिभूमि



आदमपुर। गणेश रामलीला में रावण का पुतला तैयार करते हैं मनोज व मुकेश।

विधायक सावित्री जिंदल होंगी मुख्य अतिथि

विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में दशहरा उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समिति के प्रेस सचिव हरीश रावत रावत ने बताया कि मंगलवार सायं 4 बजे से भव्य दशहरा महोत्सव का आगाज होगा। यहां 52 फुट ऊंचे रावण, 50 फुट के कुंभकर्ण एवं 48 फुट के मेघनाद का दहन किया जाएगा। महोत्सव में पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक सावित्री जिंदल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी।

रावण का पुतला झपकाएगा पलक

नई सब्जी मंडी में श्री नरसिंह प्रहलाद रामलीला दशहरा सभा की ओर से 20 अक्टूबर को सायं 78वां दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस बार 45 फुट के रावण, 40 फुट के कुंभकर्ण व 38 फुट के मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। इन पुतलों का निर्माण कारीगर खरेतीलाल व उनकी टीम द्वारा किया गया है। रावण के पुतले के विशेषता है कि वह अपनी पलकों को झपकते तथा गर्दन को बार-बार घुमाते दिखाई देगा। सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने बताया कि महोत्सव में मुख्यातिथि के रुप में केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा भाग लेंगे।

70 फीट ऊंचा व 16 क्विंटल वजनी रावण आकर्षण का केंद्र रहेगा

आदमपुर। कॉलेज रोड पर गणेश रामलीला समिति द्वारा 70 फीट ऊंचे विशालकाय रावण के पुतले का दहन मंगलवार सायं किया जाएगा। कार्यक्रम में आदमपुर के विधायक चंद्र प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समिति के सहयोगी संदीप भादू ने बताया कि इस पुतले को तैयार करने में 10 दिन का समय लगा है, जिसमें 100 बांस, 500 मीटर कपड़ा और दो सफेदे के पेड़ों की लकड़ी का इस्तेमाल किया गया है। पुतले के अंदर आकर्षक पटाखे फिट किए गए हैं और लगभग 16 क्विंटल वजनी इस पुतले को खड़ा करने के लिए 2 हाइड्रा मशीनों की मदद ली जाएगी। कारीगर मनोज स्वामी ने बताया कि पहले उनके दादा स्व. महेंद्र फौजी ने पिछले 40 सालों में 75 बार रावण के पुतले बनाए थे। उनके निधन के बाद अब मनोज और उनके साथी मुकेश कुमार चल द्वारा यह 16वीं बार पुतला तैयार किया जा रहा है।





हिसार। श्रद्धालुओं को भजन सुनाते मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता।

बाबा के दरबार में श्रद्धा से आने वाला कोई खाली हाथ नहीं लौटता : गुप्ता

- तरसेम नगर स्थित बाबा बालक नाथ-दुर्गा माता मंदिर में जेठ रविवार पर सत्संग व भंडारा भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

तरसेम नगर स्थित बाबा बालक नाथ-दुर्गा माता मंदिर में जेठ रविवार के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग के दौरान बाबा बालक नाथ और माता के भजनों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए भक्ति में लीन नजर आए। सत्संग के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा जी के दरबार में सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ आने वाला कोई भी श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता। उन्होंने कहा कि बाबा के दरबार में जो व्यक्ति आस्था के साथ आता है, वह यहां से बहुत कुछ लेकर जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं, दिखावे के नहीं। इसलिए मन में सच्ची श्रद्धा और विश्वास होना सबसे जरूरी है।

प्रवचन दिए

रामचरण गुप्ता ने कहा कि सत्संग सुनना जीवन के लिए बेहद लाभदायक है, लेकिन इसका वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब इसे केवल कानों से नहीं, बल्कि मन से सुना जाए। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति सच्चे मन और एकाग्रता से सत्संग सुनता है तो उसके विचारों में सकारात्मक बदलाव आता है और जीवन को सही दिशा मिलती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जब भी सत्संग में बैठें तो अपना ध्यान पूरी तरह भगवान और सत्संग की वाणी पर केंद्रित करें। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा बालक नाथ और दुर्गा माता के जयकारे लगाए तथा भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा में छात्राओं के लिए छह दिवसीय कराटे एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार के निर्देशन में किया। जिसका शुभारंभ एसोसिएट प्रो. धर्म सिंह द्वारा किया गया।



अंतर-सदनीय वॉलीबॉल में विवेकानंद सदन बना चैंपियन

हिसार। रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में आयोजित अंतर-सदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों बोस, नेहरू, टैगोर और विवेकानंद के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा ने किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या जानूप्रिया कथूरिया, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में विवेकानंद सदन ने टैगोर सदन को 2-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में नेहरू सदन ने बोस सदन को 2-0 से हराया। फाइनल मुकाबले में विवेकानंद सदन ने नेहरू सदन को 2-0 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सभी खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, समर्पण और खेल भावना के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना ने विजेता सदन के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

विज्डम स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव



हिसार। साउथ बायपास स्थित विज्डम स्कूल में दशहरा उत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की अनुपम छटा बिखेरी। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के जन्म, माता शबरी की भक्ति, हनुमान जी से मिलन तथा रावण से जुड़े प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, भावपूर्ण संवादों और आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को साकार कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया व संचालक हरिपाल पिलानिया ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने, सत्य के मार्ग पर चलने, बड़ों का सम्मान करने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की प्रेरणा दी गई।

अग्रबंधु परिषद की पहल पर अग्रसेन जयंती पर चार जोड़ों का हुआ विवाह

- सनातन रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ सामूहिक विवाह समारोह
- कन्या भ्रूण हत्या न करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रबंधु परिषद, हांसी की ओर से जींद चौक स्थित सुभाष ड्रामेटिक क्लब में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में चार जोड़ों का विवाह सनातन रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न करवाया गया। इस दौरान नवदंपतियों को घरेलू जरूरत का सामान और ज्वेलरी उपहार स्वरूप भेंट की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश महाराज और महाराजा अग्रसेन के चित्रों के समक्ष 18 दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण सिंगला और गौरव भारतीय ने बताया कि विवाह की सभी रस्में धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न करवाई गईं। इस अवसर पर हिमालयन इन्फ्रा के निदेशक विशाल बंसल, हरियाणा टैक्स ट्रिब्यूनल के सदस्य सचिन जैन, आढ़ती एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष राम अवतार तायल, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन अनिल बंसल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट हांसी के अध्यक्ष विनय जैन, जेसीआई स्टार के अध्यक्ष राजेश बंसल, प्रवीण बंसल, मनमोहन तायल आदि रहे।



हांसी। वैवाहिक बंधन में बंधे नवदंपतियों को आशिर्वाद देते अग्रबंधु परिषद के पदाधिकारी।

विद्यार्थियों ने मनाया नवरात्र उत्सव

- विद्यार्थियों ने नृत्य-नाटिका से दिखाई मां दुर्गा की महिमा
- गरबा नृत्य के जरिए बिखेरी भारतीय लोक संस्कृति की छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। श्री काली देवी विद्या मंदिर में नवरात्र महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

श्री काली देवी विद्या मंदिर में नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ नवरात्र महोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां दुर्गा की महिमा, नारी शक्ति और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया। मां दुर्गा की आराधना और मनमोहक प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की वंदना और प्रार्थना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नृत्य-नाटिका के माध्यम से मां दुर्गा की शक्ति, महिमा और महिषासुर पर विजय की प्रेरणादायक गाथा प्रस्तुत की। प्रस्तुति के जरिए बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।इसके बाद रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगा दिए।



हिसार। आमजन की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करते भाजपा नेता रामनिवास राड़ा। फोटो: हरिभूमि

सीएम से मिले भाजपा नेता रामनिवास राड़ा

हिसार। हिसार विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी व भाजपा के वरिष्ठ नेता रामनिवास राड़ा सैनी ने अपने बड़े भाई एवं हिसार नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन बिहारी लाल राड़ा के साथ चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर पहुंचकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास और आम जनमानस के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। मुलाकात के बाद जानकारी देते हुए रामनिवास राड़ा सैनी ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों और हिसार के आम जनमानस से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी।

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में दशहरा उत्सव की धूम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया सत्य की विजय का संदेश



हांसी। बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में सोमवार को दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, नाटक और नृत्य की प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को दर्शाते हुए सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और दुर्गा स्तुति के साथ किया गया। इसके बाद आठवीं कक्षा की छात्रा अवनी ने दशहरे के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पर्व के माध्यम से मिलने वाली बुराई पर अच्छाई की विजय की सीख को रेखांकित किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने धर्म की अधर्म पर, पुण्य की पाप से विजय हुई है आज गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं, वसुधैव कुटुंबकम विषय पर आधारित नाटक के माध्यम से विश्व बंधुत्व, आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया। समारोह के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या लवली चावला, प्रशासक प्रवीण चुघ और अकादमी समन्वयक पवन रावल ने सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं।

अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी, सामान जब्त

हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। नगर निगम की टीम ने टाउन पार्क के आसपास से अतिक्रमण हटाकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद पुरानी सब्जी मंडी चौक से मुल्तानी चौक तक सड़क के दोनों ओर कार्रवाई की गई। भगत सिंह चौक से वाल्मीकि चौक तक अतिक्रमण हटाते हुए चार से पांच दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया। टीम ने नई सब्जी मंडी के बाहर सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई की। इस दौरान राजगुरु मार्केट, बाला जी मार्केट, पूजा मार्केट, आर्य बाजार और बिश्नोई मार्केट में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला तथा बस स्टैंड से सिरसा चुंगी तक भी टीम ने सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

खेती-किसानी

सरसों की हाइब्रिड किस्म आरएचएच 2101 से बढ़ेगी उत्पादन की उम्मीद

142 दिन में पककर तैयार होगी सरसों की किस्म प्रति हेक्टेयर 28 से 30 क्विंटल तक उपज क्षमता

- बीज उत्पादन के लिए हकृवि का कंपनी से समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। समझौते के दौरान कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ कंपनी प्रतिनिधि और विश्वविद्यालय के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

सरसों की खेती में उत्पादन बढ़ाने और किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध करवाने की दिशा में यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय ने अपनी ओर से विकसित सरसों की पहली हाइब्रिड किस्म आरएचएच 2101 के बीजों के उत्पादन और वितरण के लिए हिसार की शक्ति वर्धक हाइब्रिड सीड्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। इस पहल से विश्वविद्यालय की उन्नत किस्म के बीजों का बड़े स्तर पर उत्पादन करने और किसानों तक उनकी उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज की उपस्थिति में हुए समझौते पर कंपनी के अनुसंधान एवं विकास प्रभाग के प्रमुख डॉ. राज बहादुर और विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए। समझौते का उद्देश्य विश्वविद्यालय के कृषि अनुसंधान को व्यावहारिक खेती से जोड़ना और विकसित किस्म के गुणवत्तापूर्ण बीज अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाना है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. नरेश कौशिक, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल, डॉ. एसके पाहुजा, मीडिया सलाहकार डॉ. संदीप आर्य, डॉ. रामअवतार, डॉ. वीरेंद्र मोर, डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. जितेंद्र भाटिया, डॉ. अनुराग सहित कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



हांसी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

आरपीएस में नन्हे विद्यार्थियों ने रामलीला से मोहा मन

हांसी। आरपीएस पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में रामलीला की मनमोहक प्रस्तुति और रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत करते हुए सत्य, धर्म और सदाचार का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे विद्यार्थियों की रामायण पर आधारित रामलीला रही। बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान सहित रामायण के प्रमुख पात्रों की वेशभूषा धारण कर शानदार अभिनय किया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। नन्हे कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, त्याग, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया।